# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 9 जुलाई 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]


तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री


11 महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन ...



12 बिरकोनी में धूमधाम से निकाली प्रभु जगन्नाथ ...





## NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो फीस नहीं : PCI भिलाई

जो स्टूडेन्ट NEET व JEE की तैयारी करना चाहते हैं। उनके लिए सुनहरा अवसर है क्योंकि 15 जुलाई से नया बैच प्रारंभ होने जा रहा है जिसका नाम NEET व JEE जूनून बैच है।

इस बैच में पढने वाले स्टूडेन्ट को NEET व JEE में चयन होने के बाद ही फीस लिया जाता है यह बैच सीमित स्टूडेन्ट के लिए है केवल 40 स्टूडेन्ट ही इस बैच में पढाई करेंगे। इस बैच में प्रत्येक दिन 6 घंटे की क्लास व 3 घंटे की डाऊट क्लास इस तरह प्रत्येक दिन 9 घंटे की क्लास होगी। हर रविवार NEET व JEE आधारित साप्ताहिक टेस्ट होगी। इस बैच में पढाने वाले शिक्षकगण दिल्ली व कोटा के विषय विशेषज्ञ डाक्टर्स व आईआईटियन्स है। स्टूडेन्ट को क्लास में DPP, कम्पलीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, टी शर्ट दी जायेगी। लाइब्रेरी व छात्रावास की भी सुविधा है। कोर्स कम्पलीट उपरान्त स्टूडेन्ट को ऑल इण्डिया टेस्ट सीरीज कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशनल क्लास भी कराया जाता है जिससे उनमें आत्मविश्वास जागृत होती है।

जूनून बैच जैसे कि नाम से विदित हो रहा है कि सभी स्टूडेन्ट का नीट व जेईई में चयन कराना यह ऐसा बैच है जिसका सलेक्शन रेशियो 100% होता है। PCI भिलाई का उद्देश्य है कि हर स्टूडेन्ट देश के प्रतिष्ठित एम्स कॉलेज व आई.आई.टी. कॉलेज में पढ़ाई करें।

जूनून बैच के स्टूडेन्ट ने पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है जो छत्तीसगढ़ में एक अतुल्य परिणाम है।

आज नीट व जेईई में चयन होना बहुत ही आसान है। इसके लिए स्टूडेन्ट को प्रतिदिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाऊट क्लास अटेण्ड करना है। DPP को प्रैक्टीस करना है व डाऊट पूछना है। हर संडे टेस्ट देना है।

बस इतना कार्य स्टूडेन्ट ईमानदारी से कर लेता है तो उसे नीट व जेईई में सलेक्शन होने से कोई नहीं रोक सकता, बस यही सफलता का मूलमंत्र है। तो चलो स्टूडेन्ट आज ही जूनून बैच ज्वाइन करें व सफलता का इतिहास गढ़े।

**PCI संस्था भिलाई में शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई में संचालित होती है। मो.नं.- 7805888600.** Advt.


## खबर संक्षेप

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहरिनडोंगरी में एक व्यक्ति ने फांसी लगा लेने की घटना सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 6 जुलाई की दरमियानी रात शोभाराम बरिहा पिता श्यामलाल (32 साल) निवासी ग्राम लोहरिनडोंगरी ने फांसी लगा ली। घटना की सूचना मृतक के भाई लोकनाथ बरिहा ने पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### नशे में धुत मिले दो प्रधान आरक्षक

**महासमुंद।** रथयात्रा में ड्यूटी पर जाने के पूर्व 2 प्रधान आरक्षक नशे में धुत मिले। मेडिकल कराने पर उनके द्वारा शराब सेवन करना पाया गया। जानकारी के अनुसार पिथौरा में रविवार को रथयात्रा के लिए पुलिस ड्यूटी लगाई जा रही थी। जिसके लिए पिथौरा थाने में पुलिस अधिकारी कतार में खड़े (फॉल इन) पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ कर रहे थे। इस दौरान दो पुलिस कर्मी ठीक से खड़े नहीं हो पा रहे थे। दोनों की हालत देखकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को मामला समझते देर नहीं लगी। अधिकारी ने दोनों को कतार से बाहर बुलाकर डांट लगाई और थाना प्रभारी को दोनों का मेडिकल कराने कहा। मेडिकल जाँच में पुलिस लाइन से ड्यूटी के लिए आए दोनों प्रधान आरक्षक अनिल कुमार साहू और भोलेंद्र कुमार ठाकुर नशे में पाए गए। पिथौरा पुलिस मामले की रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को भेजने की तैयारी कर रही है।

# सड़क हादसे में गई नगर सैनिक की जान, आरक्षक भी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम बेमचा के पास सोमवार सुबह एक अल्टो कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। लूनिया राइस मिल के पास हुई जिसमें कार सवार दो लोगों में से एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई वहीं दूसरे युवक को गंभीर अवस्था में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी भी हालत गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार नगर सैनिक गुरुबारू मिर्धा (55) और बसना में पदस्थ निलंबित आरक्षक धनाराम कुर्रे (37) कार क्रमांक सीजी 10 एस ए 1706 में सवार होकर परसदा पुलिस लाइन से महासमुंद की ओर आ रहा था। सुबह करीब 8:30 बजे लूनिया राइस मिल के पास चालक धनाराम कुर्रे कार से नियंत्रण खो बैठा और तेज रफ्तार कार सड़क से उतरकर एक पेड़ से जा टकराई। हादसे में चालक की बाजू सीट पर बैठे नगर सैनिक गुरूबारू मिर्धा की मौके पर ही मौत हो गई वहीं चालक धनाराम कुर्रे बुरी तरह घायल हो गया।

## तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, लगातार हो रहे जिले में सड़क हादसे



### तेज रफ्तार पिकअप डिवाइडर से टकराई

पटेवा थाना अंतर्गत ढांक टोल प्लाजा से पहले एक अनियंत्रित पिकअप डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में चालक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पटेवा थाना प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि बनारसी थाना माना कैंप निवासी सतीश यादव (24) ड्राइवर था। वह जिस कंपनी में काम करता था उस कंपनी की एक गाड़ी बसना- सरायपाली के बीच खराब हो गई। जिसे टोचन कर रायपुर लेकर आने के लिए सतीश यादव पिकअप क्रमांक सीजी 04 पीटी 2861 को लेकर रायपुर से निकला। रविवार रात तकरीबन 9 बजे ढांक टोल प्लाजा के पास पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और सड़क से उतर गई। गंभीर चोट आने से चालक की मौत हो गई।

### छह माह में 139 की मौतें

जिले में सड़क हादसों का दौर लगातार जारी है। हर साल सैकड़ों लोग हादसों में जान गंवा रहे हैं। जिसका मुख्य कारण है यातायात नियमों की अनदेखी। इस साल जनवरी से जून माह तक 237 सड़क दुर्घटनाओं में 139 ने जान गंवाई है वहीं 147 घायल हुए हैं। हालांकि गत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष जून माह तक सड़क हादसों में कमी आई। 2022 में जनवरी से जून तक 241 सडक हादसों में 153 की मौत और 171 घायल हुए थे। वर्ष 2023 में इस माह के दौरान 275 सड़क हादसों में 171 की मौत और 237 घायल हुए थे।

## मांग: 32 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारियों का आंदोलन शुरू

# राजस्व का जमीनी अमला धरने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पटवारियों को ऑनलाईन वर्क के लिए न तो उपकरण दिए गए हैं और न ही इस संबंध में शासन स्तर पर खर्चे प्रदान किए जाते हैं। वहीं कार्य पूरा न होने के चलते पटवारियों को दोषी ठहराए जाने के साथ अन्य 32 मांगों को पूरा करने पटवारियों ने शासन प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सोमवार से शहर के पटवारी कार्यालय के सामने पटवारियों ने अपनी मांगों के लिए धरना प्रदर्शन किया।

आंदोलन लंबा चला तो इससे आमजन की परेशानी बढ़ सकती है। लोगों का नक्शा, खसरा, बटांकन समेत जमीन संबंधी काम प्रभावित होगा। जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष संतोष सोनी ने कहा कि प्रदेश संगठन के आह्वान पर उन्होंने 32 सूत्रीय मांगें रखी है। इनमें ऑनलाइन कार्य के लिए कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर, इंटरनेट जैसी सुविधाओं की मांग की गई है। दूसरी ओर ऑनलाइन एप भुइंया में नक्शा, बटांकन संशोधन को लेकर आने वाली तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिए जिले स्तर पर सहायक प्रोग्रामरों की पदस्थापना की मांग की है।

इसके अलावा उन्होंने बताया कि भुइयां एप में ऑनलाइन एंट्री में गड़बड़ी होने पर पटवारियों को जनता के कोप का भाजन होना पड़ता है। स्थानीय पटवारी कार्यालय के सामने धरना स्थल पर संघ के संभाग अध्यक्ष श्रीराम दीवान, जिलाध्यक्ष संतोष सोनी, नितेश श्रीवास्तव, दूधनाथ साहू, शिवेंद्र चंद्राकर, बिंदु मारकंडे, दिनेश प्रधान, शशांक चंद्राकर, मनीष अग्रवाल आदि धरना पंडाल पर डटे हुए हैं।



### पटवारियों को कांग्रेसियों का मिला समर्थन

राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश स्तरीय आह्वान के तहत जिला मुख्यालय में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल होकर कांग्रेसजनों ने पटवारियों की मांग को जायज ठहराया और उन्हें समर्थन दिया। साथ ही मंच से प्रदेश सरकार से अतिशीघ्र पटवारियों की मांगों को पूरा करने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस नेता अमरजीत चावला, नपाध्यक्ष राशि महिलांग, गुरमीत चावला, नीरज परोहा आदि मौजूद रहे।

# बेतहाशा बिजली कटौती और दाम में वृद्धि को लेकर कांग्रेसियों ने राज्य सरकार को कोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

बेतहाशा बिजली कटौती और बिजली विभाग से जुड़ी अनेक समस्याओं को लेकर प्रदेश व्यापी आह्वान के तहत कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार की घेराबंदी की। सोमवार को कांग्रेस भवन के सामने धरना देकर कांग्रेसी पदाधिकारियों ने प्रदेश की भाजपा और साय सरकार पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला भी दहन किया गया। नेताओं ने कहा कि जब से राज्य में भाजपा की सरकार आई है तब से जिले के साथ पूरे प्रदेशभर में "सांय-सांय" बिजली कटौती हो रही है। ग्रामीणों अंचलों में तो घंटों हो रही अघोषित कटौती से ग्रामीण परेशान हैं।

जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के दौरान सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले, इसके लिए ट्रांसफार्मर के पावर बढ़ाए गए, नए ट्रांसफार्मर लगाए गए, ट्रांसमिशनों को अपग्रेड किया गया। भाजपा सरकार में 6 माह में ही बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है।

कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि ने कहा कि बिजली दर में 8 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी को राज्य सरकार को वापस लेना चाहिए। प्रदेश की जनता महंगाई से पीड़ित है और इस दशा में बिजली के दर में बढ़ोतरी करना महंगाई से जख्मी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है। प्रदेश के पूर्व प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला ने बताया कि बीजेपी की सरकार स्मार्ट मीटर लगाकर उपभोक्ता को लूटने की तैयारी कर रही है, जिससे हो सकता है कि गरीब परिवार एडवांस में कभी पैसा ही ना जमा कर पाए और उसका घर अंधेरे में डूबा रहे, कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करती है। नपाध्यक्ष राशि महिलांग ने कहा कि पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाले छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिए बंद ना हो। रात में स्थिति तो और भी भयावह हो जाती है। घंटों बिजली बंद हो जाती है और ग्रामीण क्षेत्रों में तो रात-रात भर बिजली बंद रहती है। भाजपा से ना सरकार संभल पा रहा है और ना ही व्यवस्थाएं। कार्यक्रम का संचालन खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष आभार प्रदर्शन प्रभारी महामंत्री गुरमीत चावला ने किया।



## बिजली कटौती व महंगाई के विरोध में कांग्रेस का धरना



- नेहरू चौक में कांग्रेसजनों ने दिया एक दिवसीय धरना, भाजपा सरकार पर साधा निशाना

धरना प्रदर्शन में भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस के नेताओं के साथ-साथ आम जनता ने भी इसका विरोध करने मंच पर आकर समर्थन प्रदान किया। बिजली के मूल्यों में वृद्धि एवं बेतहाशा बिजली कटौती के विरोध में धरना प्रदर्शन के पश्चात मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। साथ ही कांग्रेसजनों ने बीजेपी के मुख्यमंत्री एवं मंत्रिमंडल को सरकार की नाकामियों के कारण सत्ता छोड़कर त्यागपत्र देने की मांग की एवं पुरजोर विरोध किया।

### विरोध प्रदर्शन में यह रहे मौजूद

जिला अध्यक्ष डॉ.रश्मि चंद्राकर, सरायपाली विधायक चातुरी नंद, नगर पालिका अध्यक्ष राशि माहिलांग, पूर्व प्रभारी महामंत्री प्रदेश कांग्रेस अमरजीत चावला, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद, महिला प्रकोष्ठ शहर अध्यक्ष साधना सिंह नैनी, वरिष्ठ कांग्रेसी सेवनलाल चंद्राकर, अरुण चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, जिला वनोपज अध्यक्ष प्रमोद चंद्राकर, महामंत्री संजय शर्मा, सोमेश दवे, गुरमीत चावला, प्रदीप चंद्राकर, अमर चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, सुनील शर्मा, विजय साव, छन्नू साहू, राजू यादव, प्रहलाद ध्रुव, शाहबाज रजवानी, नीतेंद्र बैनर्जी, सुनील चंद्राकर, तुलसी साहू, कपिल साहू, शकील खान, सचिन गायकवाड़, अक्षय साकरकर, हर्षित चंद्राकर, लक्ष्मी सोनी, श्वेता गुप्ता, ममता चंद्राकर, यशोदा ध्रुव, कपिल साहू, मनोहर ठाकुर, मेहूल सूचक, लीलू साहू, लखन चंद्राकर, सुरेंद्र ठाकुर, गणेश पुरैना, मोनू साहू, शैलेंद्र सेन, प्रकाश अजमानी, जाकिर रजा, टोमन सिंग कागजी, तुलसी देवदास, सन्नी महानंद, चेतन लाल साहू, सुशील जोशी मौजूद रहे।

## हाथी की दस्तक लोगों में दहशत 12 से ज्यादा गांवों में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में एक बार फिर हाथियों की दस्तक देखी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार एक दंतैल हाथी तरजुंगा से सरकड़ा गांव की ओर बढ़ रहा है। जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। हाथी के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवेश से वन विभाग अलर्ट मोड पर है और 12 से अधिक गांव में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। हाथी की गतिविधियों के बारे में जानकारी के अनुसार, महासमुंद से गरियाबंद जिले में एक दंतैल हाथी प्रवेश कर रहा है। हाथी सूखा नदी क्रॉस कर गनियारी डैम की ओर तेजी से बढ़ रहा है इसको देखते हुए वन विभाग ने दर्जन भर गांव में अलर्ट जारी किया है। वन विभाग द्वारा गांवों में माइक के जरिए अलर्ट जारी किया जा रहा है और लोगों को जंगल की ओर नहीं जाने की हिदायत दी जा रही है।

## बाइक की टक्कर से छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार की मौत

**महासमुंद।** तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार की मौत हो गई। ग्राम पचरी कुल्हरिया के बीच हुए इस रोड एक्सीडेंट के मामले में पटेवा पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ धारा 106 (1) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच विवेचना शुरू कर दी है। मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीजेड 0597 के चालक द्वारा वाहन तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर रविशंकर दीवान की बाइक सीजी 06 जीडब्लू 0512 को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे रविशंकर के सिर में चोट आई और उसकी मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे मृतक रविशंकर के पिता देवकुमार दीवान पिता हरिराम दीवान (52 साल) निवासी ग्राम केरामुड़ा ने बताया कि मेरा बेटा रविशंकर दीवान छत्तीसगढी फिल्मों में काम करता है। वह करीब 4-5 दिन पहले फिल्म की शूटिंग करना है बताकर अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीडब्लू 0512 से जांजगीर-चांपा जा रहा हूं कहकर निकला था। उन्होंने पुलिस को आगे बताया कि रविशंकर ने 6 जुलाई को मोबाइल पर कॉल कर मुझे कहा कि ग्राम खोपली बागबाहरा से दशगात्र कार्यक्रम में सम्मिलित होकर गांव केरामुड़ा आ रहा हूं। रात को 12-1 बजे करीबन थाना पटेवा के डायल 112 के कर्मचारियों के द्वारा मेरे घर आकर सूचना दी गई कि तुम्हारे लड़के रविशंकर का ग्राम पचरी कुल्हरिया रोड में एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलने पर मैं अपने परिवार के साथ घटन स्थल पर पहुंचा। मेरे बड़े बेटे हीरालाल दीवान ने बताया कि रविशंकर दीवान के सिर में चोट लगी है और एवं उसकी बाइक सामने क्षतिग्रस्त हो गई है। तब मैंने अपने परिवार के साथ रविशंकर को डायल 112 के माध्यम से सीएचसी पिथौरा उपचार कराने लेकर गया, जहां डॉक्टर द्वारा चेक कर मेरे लड़के रविशंकर दीवान की मृत्यु होना बताया गया।

### पान दुकान के पास मारपीट, चाकू से हमला

**महासमुंद।** बागबाहरा में दो युवकों ने गाली गलौज करते हुए एक युवक के साथ मारपीट की और चाकू से हमला कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को आर्यन कुरैशी पिता रहीम कुरैशी निवासी वार्ड नं. 2 शांति नगर बागबाहरा ने बताया कि 7 जुलाई की रात करीब 9.30 बजे आशीष पान दुकान में अपने भाई आयान कुरैशी के साथ सामान खरीदने गया था। वहां पहले से मौजूद सोनू देवागंन एवं जीतू सेन ने हम लोगों को देख गाली गलौच शुरू कर दिया। जब मेरे भाई आयान कुरैशी ने मना किया तो आरोपी सोनू देवागंन एवं जीतू सेन ने आज तुझे जान से मार देंगे कहने लगे। वहीं सोनू देवागंन ने अपने पेंट की जेब में छुपाकर रखे चाकू आयान के पेट व कमर में जानलेवा हमला कर दिया। इसके बाद मैं अपने भाई को इलाज कराने सरकारी अस्पताल बागबाहरा लेकर गया, जहां से प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर किया गया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 109(1), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## लिफ्ट देकर लूट ली सात हजार से ज्यादा की रकम

**महासमुंद।** बाइक सवारों ने एक व्यक्ति को लिफ्ट देकर उससे 7 हजार से ज्यादा रुपए लूट लिए, और उससे मारपीट कर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट पर तुमगांव थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस को भोरिंग पदमन ढीढी पिता देवचंद ढीढी ने बताया कि 3 जुलाई को मैं ग्राम परसवानी से समोदा गया था। वहां से मैं एक व्यक्ति की बाइक में बैठा, जिसने मुझे अछोला शराब भट्ठी जाने के मोड़ के पास छोड़ दिया। यहां से मैं पैदल जा रहा था। रात करीबन 7.30 बजे ग्राम अछोला के छोटे पुल के पास पहुंचा था कि उसी समय ग्राम समोदा की ओर से मोटर सायकल में दो अज्ञात व्यक्ति आए और मुझसे पूछा कि कहां जाना है। इस पर मैने कहा कि मुझे भोरिंग जाना है। इन दोनों व्यक्तियों के कहने पर मैं उनके साथ मोटर सायकल में बैठकर जा रहा था। रात करीबन 7.40 बजे बाइक चालक अछोला हाई स्कूल ग्राउंड के अंदर चला गया और लूटने की नीयत से मेरे गर्दन को पीछे से पकड़ा एवं वाहन में बैठे एक अन्य अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्टील के राड से मेरे दोनो पैरों को मारा। आरोपियों ने मेरे साथ मारपीट करते हुए जेब में रखे नगद रकम 7430 रुपए को लूट लिया। इसके बाद मैं दोनों से बचकर भागा। दोनों अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे साथ मारपीट करने से दोनों पैरों में चोट आई है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 3(5), 309(6) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# नाबालिग को कार व बाइक चलाने न दें एक्सीडेंट किया तो मां-बाप को जाना होगा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- एक जुलाई से लागू हुआ नया नियम, राज्य सभा में मोटर व्हीकल एक्ट बिल पास

नाबालिग वाहन चालक द्वारा वाहन चालन के दौरान यदि किसी की मृत्यु हो जाती है तो अब मां-बाप के विरुद्ध भी अपराध दर्ज होगा तथा उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। वहीं, नाबालिग को बाल संप्रेषण गृह में रखा जाएगा। पुराने कानून के तहत नाबालिग जमानत पर छूट जाते थे। वहीं, मां-बाप पर कोई कार्रवाई नहीं होती थी। यही नहीं, यदि कोई अपनी वाहन किसी को चलाने देता है और दुर्घटना होती है तो वाहन मालिक के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई होगी । 1 जुलाई से लागू नए कानून के तहत अनेक बड़े बदलाव भी किए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार माता-पिता अपने बच्चों की जिद पूरी करने नाबालिग होते हुए भी उन्हें वाहन की चाबी थमा देते हैं। फलस्वरूप बिना परिपक्वता तथा ज्ञान के नाबालिग असावधानीपूर्वक वाहन चलाते हैं। इससे न केवल उनका नुकसान होता है बल्कि, थर्ड पार्टी की मृत्यु तक हो जाती है। इसे लेकर नए कानून के तहत अब कड़ी कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। मोटर वाहन कानून के अनुसार कार, बाइक या कोई भी वाहन चलाने वालों की न्यूनतम उम्र 18 साल होनी चाहिए। यदि, माता-पिता नाबालिग को चलाने के लिए कार की चाबी देते हैं तो उसे अपराध माना जाएगा।



### बार अध्यक्ष एवं अधिवक्ता अनिल शर्मा ने दी जानकारी

बार अध्यक्ष एवं अधिवक्ता अनिल शर्मा ने बताया कि राज्य सभा में मोटर व्हीकल एक्ट का बिल पास हो गया है। अब यदि, नाबालिग के वाहन चलाने से किसी की मौत हो जाती है तो 3 साल तक कैद की सजा नाबालिग के माता-पिता को हो सकती है। साथ ही वाहन का रजिस्ट्रेशन भी रद्द होगा। पुरानी धारा 199 मोटर व्हीकल एक्ट में ही संशोधन किया गया है।

## जिले में अब तक 174.1 मिलीमीटर औसत वर्षा

**महासमुंद।** जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 174.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा महासमुंद तहसील में 251.4 मिलीमीटर, बसना में 220.1 मिलीमीटर, सरायपाली में 181.6 मिलीमीटर, पिथौरा में 160.7 मिलीमीटर, बागबाहरा में 141.5 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 89.5 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 8 जुलाई को 8.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में पिथौरा तहसील में 17.9 मिलीमीटर, बसना में 16.4 मिलीमीटर, सरायपाली में 9.5 मिलीमीटर, कोमाखान में 3.9 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 1.2 मिलीमीटर बागबाहरा तहसील में दर्ज की गई।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### वरिष्ठ शिक्षक देवांगन को दी विदाई

**रायपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलीडीह में अपनी लंबी सेवाएं देने के बाद वरिष्ठ व्याख्याता गजानन देवांगन सेवानिवृत्त हो गए। उनका विदाई समारोह कार्यक्रम छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने स्कूल परिसर में रविवार को रखा। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य नितिन कुमार तलोकर ने अपने संबोधन में कहा कि देवांगन सर के अनुशासन और अध्ययन की कार्यशैली को यह विद्यालय हमेशा याद रखेगा। सभी शिक्षकों ने अपनी तरफ से खूबसूरत उपहार देकर उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके कार्यों का अनुसरण इस विद्यालय के सभी शिक्षक करेंगे, यह शपथ भी ली गई। इस अवसर पर सुषमा कोसरिया, वंदना साहू, यू. देवांगन, कामना उपाध्याय, योगिता नरवरे, दिनेश साहू, श्वेता भदौरिया, नारायण लाल साहू, दिव्या शर्मा और अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### एफ-95 फिजियोथेरेपी टीम ने लगाया निशुल्क शिविर

**रायपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए एफ-95 एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिसर्च सेंटर ने हाल ही में रायपुर में एंबिएंस सोसाइटी में एक मुफ्त फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में निवासियों की जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी गई, जिसमें समाज के दो-तिहाई से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख फिजियोथेरेपिस्टों में से एक डॉ. संस्कृति मिश्रा ने कहा, एफ-95 के विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्टों की टीम, जो अपने व्यापक अनुभव और उच्च तकनीक वाले उपकरणों के उपयोग के लिए जानी जाती है, ने मांसपेशियों की ताकत, संतुलन और मुद्रा का गहन मूल्यांकन किया। निवासियों को व्यायाम, सही मुद्रा, हाइड्रेशन, पोषण और आवश्यक जीवनशैली में संशोधन पर व्यक्तिगत सलाह प्रदान की गई थी। एफ-95 के मुख्य संचालन अधिकारी डॉ. सौमित्र ने कहा, हम इसी तरह के शिविरों की मेजबानी करने के लिए अन्य समाजों और संगठनों के साथ सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार हैं।

### शहीद पुलिस सेल का जल्द होगा गठनः डिप्टी सीएम

**रायपुर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राज्य के पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों की समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशीलता से निर्णय लेते हुए शहीद पुलिस सेल के गठन के निर्देश दिए हैं। इस पहल का उद्देश्य शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को आवश्यक सहायता और समर्थन प्रदान करना है। विदित हो कि कुछ दिनों पूर्व शहीद पुलिसकर्मियों के परिजन अपनी समस्याओं को लेकर उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा से मिले थे और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया था, तब विजय शर्मा ने उन्हें आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री से चर्चा कर उनकी समस्याओं के निराकरण के प्रयास किए जाएंगे। श्री शर्मा ने बताया, प्रत्येक रेंज पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में शहीद पुलिस सेल का गठन किया जा रहा है।

# मध्यप्रदेश के बाद अब जल्द छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल का विस्तार

## मानसून सत्र से पहले साय सरकार में बनेंगे दो नए मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार सोमवार को हो रहा है। इसी के साथ अब छत्तीसगढ़ में भी साय मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होने के आसार हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक बार फिर से रविवार को कहा है, मप्र में विस्तार हो रहा है, यहां भी जल्द होगा। इससे स्पष्ट है कि 22 जुलाई को मानसून सत्र प्रारंभ होने से पहले ही साय मंत्रिमंडल का विस्तार हो जाएगा। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद यहां पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बनाए गए और उसके मंत्रिमंडल में एक पद को छोड़कर बाकी मंत्री बने। इस बीच लोकसभा चुनाव में रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल बन गए। सांसद बनने के बाद उन्होंने प्रदेश के मंत्री और विधायक के पद से इस्तीफा दे दिया है। ऐसे में अब साय मंत्रिमंडल में मंत्रियों के दो पद खाली हो गए हैं। इन खाली पदों पर नियुक्ति को लेकर काफी समय से कवायद और चर्चा चल रही है। मुख्यमंत्री श्री साय दो बार दिल्ली का दौरा कर चुके हैं। उनके पहले दौरे में जहां मंत्रियों के नामों को लेकर चर्चा रही कि वे दिल्ली में राष्ट्रीय संगठन के नेताओं से मुलाकात करके मंत्रियों के नाम तय करेंगे, लेकिन इस दौरे में उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से हुई। इसके बाद फिर से उनका दिल्ली दौरा हुआ तो यह तय माना जा रहा था कि अब तो मंत्रियों के नाम तय हो जाएंगे, लेकिन इस दौरे के मायने अलग थे। हरिभूमि ने ही इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया कि अभी मंत्रिमंडल के विस्तार पर दिल्ली में चर्चा नहीं होगी और श्री साय का यह दौरा प्रदेश के भाजपा सांसदों के साथ संसदीय बोर्ड की बैठक के लिए है। श्री साय ने दिल्ली से वापस लौटने पर यह बात स्वीकार भी की कि यह दौरा भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक के लिए था।



### अब विस्तार के लिए ज्यादा इंतजार नहीं

साय मंत्रिमंडल के विस्तार के लिए अब ज्यादा लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। मप्र में डॉ. मोहन यादव कैबिनेट का विस्तार सोमवार को हो रहा है। इस विस्तार के बाद अब छत्तीसगढ़ में भी साय मंत्रिमंडल के विस्तार की कवायद तेज हो गई है। संभावना है कि मानसून सत्र के पहले कभी भी साय मंत्रिमंडल का विस्तार हो जाएगा। मंत्रियों के दो पदों के लिए थोक में कई दावेदार हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व ही तय करेगा कि किनको मंत्री बनाना है।

## पॉवर कंपनी के प्रारंभिक परीक्षण में स्मार्ट मीटरों के सही होने के दावा

# स्मार्ट मीटर शुरुआती परीक्षण में पास, दस के आंकड़े मिले, दर्ज हुआ मामूली अंतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। रायपुर संभाग में टाटा कंपनी स्मार्ट मीटर लगा रही है। उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लिए पांच फीसदी उपभोक्ताओं के यहां पुराने के साथ नए मीटर लगाने हैं। राजधानी रायपुर में पुराने के साथ कई उपभोक्ताओं के यहां ऐसा किया गया है। पॉवर कंपनी ने इसके बाद पुराने और नए मीटरों का परीक्षण कराने का काम 4 जुलाई को किया है। इसमें दो दिनों से लेकर 25 दिनों तक की खपत को देखा गया है। ऐसे में एक सप्ताह से 15 दिनों के अंदर के जो आंकड़े सामने आ रहे हैं, उसमें नए मीटरों में खपत आधे से एक यूनिट तक कम दर्ज की गई है। कुछ उपभोक्ताओं की खपत में मामूली बढ़त भी है, लेकिन यह बढ़त आधे यूनिट से कम है। पॉवर कंपनी का दावा है कि स्मार्ट मीटर पूरी तरह से फिट हैं। हालांकि यह प्रारंभिक परीक्षण ही है। आने वाले समय में जब उपभोक्ताओं के बिल आएंगे तो जानकारी सामने आएगी कि उनका बिल पहले से कम है या ज्यादा आ रहा है।

राजधानी रायपुर के डीडीनगर, सिविल लाइंस, कचना सहित कई क्षेत्रों स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। यह काम अभी तो धीमी गति से चल रहा है, पर आने वाले समय में इसकी रफ्तार बढ़ेगी। पॉवर कंपनी ने जिन उपभोक्ताओं के घरों पर पुराने के साथ नए मीटर भी लगाए हैं, उनमें से 10 उपभोक्ताओं का डाटा हरिभूमि को उपलब्ध कराया है। इस डाटा के मुताबिक स्मार्ट मीटर ठीक काम कर रहे हैं।





### डीडीनगर में मीटरों का परीक्षण

डीडीनगर में सत्तार मोहम्मद के घर पर 14 जून को लगे मीटर में 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 104.50 और नए मीटर में 104.53 यूनिट बिजली की खपत दर्ज हुई है। डीडीनगर के अन्य उपभोक्ताओं में राजेंद्र चौधरी के यहां 12 जून से 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 356.90 और नए मीटर में 356.26 यूनिट की खपत दर्ज हुई है। इसी तरह से ओमप्रकाश चंद्राकर के यहां 18 जून से 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 104.70 और नए मीटर में 103.59 यूनिट, त्रिलोक पांडेय के यहां 22 जून से 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 56.30 और नए मीटर में 56.29 खपत दर्ज की गई है।

### परीक्षण में खरे उतरे स्मार्ट मीटर

स्मार्ट मीटर का देश के सबसे बड़े लैब भोपाल में परीक्षण कराया गया है। उपभोक्ताओं के यहां पुराने के साथ जो नए मीटर लगाए गए हैं, उसका भी परीक्षण कराया गया है। इसमें मीटर खरे उतर रहे हैं।

*- राजेंद्र प्रसाद, सीई, स्मार्ट मीटर योजना, पॉवर कंपनी*

### सिविल लाइंस में परीक्षण का परिणाम

सिविल लाइंस निवासी धनीराम के घर पर 27 जून को पुराने के साथ नया मीटर लगाया गया है। इनके यहां 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 40.20 यूनिट की खपत हुई, जबकि नए मीटर में खपत 40.29 यूनिट दर्ज की गई है। इसी तरह से सिविल लाइंस के उपभोक्ता हेम सिंह साहू के यहां 2 जुलाई को मीटर लगाया गया। यहां पर दो दिनों में पुराने में मीटर में 21 यूनिट और नए मीटर में 20.68 यूनिट की खपत हुई। इसी तरह से इस क्षेत्र में दिनेश कुमार गुप्ता के यहां 25 जून को लगे मीटर में 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 44.70 और नए मीटर में 44.57 यूनिट की खपत दर्ज हुई है। एक और उपभोक्ता श्मामा बाई मसीह के घर पर 29 जून से 4 जुलाई के बीच में पुराने मीटर में 146.31 और नए मीटर में 146.30 यूनिट की खपत दर्ज की गई है। कचना में पीयूष कुमार साहू के निवास में 1 जुलाई से 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 21.00 और नए मीटर में 20.63 यूनिट खपत दर्ज की गई है।

## मराठा युवा समाज ने रोपे औषधीय पौधे



**रायपुर।** मराठा युवा समाज द्वारा कबीर नगर पुलिस थाना प्रांगण में रविवार को औषधीय पौधों का रोपण किया गया। साथ ही समाज के सदस्यों ने उनकी रक्षा करने का प्रण लिया। इसमें मराठा युवा समाज, महाराष्ट्र मंडल, कबीर नगर थाने के पुलिसकर्मी, कबीर नगर के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस मौके पर मराठा युवा समाज अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताया कि युवा समाज ने छत्रपति शिवाजी महाराज के 351वें राज्याभिषेक वर्ष में 351 औषधीय पौधे लगाने का प्रण किया है, जिसके तहत हम पर्यावरण की खुशहाली के लिए पौधे भी लगाएंगे और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी निभाएंगे। कार्यक्रम में मराठा युवा समाज के महासचिव मनीष भोंसले, गणेशा जाधव, सचिव संजू राव, रविकांत शिंदे, अभय भागवतकर, प्रमुख वैभव बर्वे, महिला प्रमुख अनघा करकशे, लक्ष्मीकांत चौधरी, दिनकर करकशे, अखिलेश जोशी, पल्लवी जोशी, एस. किशोर कुमार, आदित्य परहाड, डॉ. मनमोहन सिंह, रविंद्र सिंह, प्रदीप शुक्ला, कृष्णकांत पांडे, सिरमौर साहू, शशांक मिश्रा, गौरांग पाण्डेय, राम और अन्य नागरिक तथा कबीर नगर थाने के पुलिस कर्मचारी उपस्थित थे।

### अवैध संबंध के आरोप में हत्या की कोशिश, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** पंडरी थाने की पुलिस ने दो बदमाशों को हत्या की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। विवाद की वजह एक आरोपी द्वारा पीड़ित के साथ उसकी पत्नी के साथ संबध होना बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक कौशिक राणा की हत्या की कोशिश करने के आरोप में बलौदाबाजार निवासी हिरावन साहू तथा पारथ उर्फ राजू साहू को गिरफ्तार किया है। कौशिक ने पुलिस को बताया है कि वह अपने एक अन्य साथी तथा आरोपी साइट पर काम कर रहे थे। इसी दौरान हिरावन ने कौशिक को अपनी पत्नी के साथ संबंध होने का आरोप लगाते हुए अपने दूसरे साथी के साथ मिलकर कौशिक के पेट पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया।

## एम्स की डॉ. उज्जवला अमेरिका में पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- मिला सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय सारांश पुरस्कार

चिकित्सा संस्थानों में फैलने वाले कैंडीडा ओरिस नामक फंगस की रोकथाम के लिए अमेरिका में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में एम्स की चिकित्सक द्वारा प्रस्तुत पत्र को सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय सारांश का पुरस्कार मिला है। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रो. उज्जवला गायकवाड़ को अमेरिका के टेक्सास में आयोजित एसोसिएशन फॉर प्रोफेशनल्स इन इंफेक्शन प्रिवेंशन एंड कंट्रोल (एपिक-24) एनुअल कांफ्रेंस एंड एक्सपोजिशन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। अमेरिका की 40 वर्ष पुरानी यह संस्था दुनियाभर के माइक्रोबायोलॉजी के विशेषज्ञों को एक साथ लाकर संक्रमण को रोकने के लिए प्रभावी रणनीति बनाने की दिशा में कार्य करती है। 'कैंडीडा ओरिस' एक प्रकार का फंगस होता है, जिसे डब्ल्यूएचओ द्वारा दुनिया के लिए चुनौतीपूर्ण बताया गया है। इसके दुष्प्रभावों और संक्रमण को रोकने के लिए चिकित्सक एवं शोधार्थी प्रयासरत हैं। प्रो. गायकवाड़ एम्स में संक्रमण नियंत्रण अधिकारी भी हैं। इस कांफ्रेंस में दुनियाभर के 30 देशों के 4000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्हें सर्वश्रेष्ठ सारांश का पुरस्कार अध्यक्ष केरोल एम. मेक्ले की ओर से प्रदान किया गया। कार्यपालक निदेशक अशोक जिंदल और अन्य चिकित्सकों ने बधाई दी है।



## जीएम ने अभनपुर- सीबीडी स्टेशन के इंफ्रास्ट्रक्चर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- महाप्रबंधक ने यात्री सुविधाओं व पुनर्विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने दिए निर्देश

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक नीनू इटियेरा ने रविवार को रायपुर रेलमंडल के अभनपुर, सीबीडी, मंदिर हसौद स्टेशन का निरीक्षण किया। केंद्री से अभनपुर नैरो गैज से ब्रॉड गेज अमान परिवर्तन का कार्य पूर्ण होने पर भविष्य में रेल परिचालन किया जाएगा। महाप्रबंधक ने इस परियोजना से जुड़े सभी पहलुओं का गहन अध्ययन करते हुए स्टेशन में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया व कार्य की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने कार्यों के ले-आउट प्लान का अवलोकन भी किया, साथ ही संरक्षा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्री सुविधाओं एवं पुनर्विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी सहित रायपुर रेलमंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं पर्यवेक्षक मौजूद रहे।



### पूरे सेक्शन के कार्यों की ली जानकारी

अभनपुर स्टेशन पर नवनिर्मित स्टेशन बिल्डिंग में उन्होने यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधाओं, ट्रेन परिचालन के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर का निरीक्षण किया। अभनपुर स्टेशन पर बने गुड्स शेड, आवागमन के लिए एप्रोच रोड, सीबीडी स्टेशन की बिल्डिंग का निरीक्षण व अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मंदिर हसौद स्टेशन पर हो रहे विकासात्मक कार्यों, यात्री सुविधाओं के लिए फुट ओवरब्रिज, टिकट काउंटर का निरीक्षण किया। अभनपुर से रायपुर के मध्य पूरे सेक्शन का गहनता से निरीक्षण किया। सभी अमृत भारत स्टेशनों और अन्य स्टेशनों पर दिव्यांगजनों एवं ग्राहकों का विशेष ध्यान रखते हुए उनके अनुकूल रेल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री से मुलाकात, सिंधी समाज के लिए जमीन की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- शासकीय अवकाश के लिए सीएम को दिया धन्यवाद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुख्यमंत्री निवास पर छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने इस वर्ष चेट्रीचंड्र के अवसर पर सिंधी समाज को शासकीय अवकाश प्रदान किया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि सिंधी समाज द्वारा सेवाकार्य के लिए जमीन की मांग कुछ समय से की जा रही है। सिंधी समाज के आयोजन में मुख्यमंत्री ने समाज को आश्वस्त किया था कि इस संबंध में सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे। उन्हीं बातों को ध्यान में रखकर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की तथा उनसे निवेदन किया कि इस संबंध में जल्द से जल्द कदम उठाए जाएं, ताकि सेवाकार्य की कड़ी को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत आगे बढ़ा सके। मुलाकात करने वालों में चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी, महेश दरयानी, महेश रोहरा, बलराम आहूजा, सुभाष बजाज, जीवत बजाज, कैलाश खेमानी, कैलाश बालानी आदि उपस्थित थे।

## स्थाई अध्यक्ष के चुनाव से पहले सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव होंगे

# प्रदेश भाजपा संगठन में मंडल स्तर से होगा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- 10 जुलाई को कार्यसमिति में तय होगा, चुनाव की प्रक्रिया कब से प्रारंभ होगी

लोकसभा चुनाव निपटने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से लेकर राज्यों के संगठनों में चुनाव होंगे। ऐसे में प्रदेश भाजपा संगठन में मंडल स्तर से बदलाव होगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 20 जून को समाप्त हो गया है। वैसे भी उनको मोदी कैबिनेट में लिया गया है। उनके स्थान पर फिलहाल तो किसी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाएगा।



इसके बाद स्थाई अध्यक्ष के चुनाव से पहले सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव होंगे। छत्तीसगढ़ में भी मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया पूरी करके प्रदेश संगठन के चुनाव कराए जाएंगे। 10 जुलाई को राजधानी रायपुर में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति में प्रदेश संगठन के चुनाव को लेकर फैसला होगा।

इसमें तय होगा कि किस स्तर के चुनाव कब से प्रारंभ होंगे। बीते साल छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव के डिप्टी सीएम बनने के बाद उनके स्थान पर प्रदेशाध्यक्ष का जिम्मा विधायक किरण देव को दिया गया। इसी के साथ प्रदेश संगठन के तीनों महामंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, विजय शर्मा के चुनाव जीतने के कारण उनके स्थान पर नए महामंत्री बनाए गए। किरण देव की कार्यकारिणी में ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद आगे कार्यकारिणी में बदलाव की बात की गई थी, लेकिन फिलहाल किसी तरह के बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं, क्योंकि अब भाजपा के नए राष्ट्रीय का चुनाव होना है। इस चुनाव के तय होने के साथ ही सभी राज्यों में भी चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

### मंडल स्तर से होने हैं चुनाव

राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले प्रदेश संगठन में मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। मंडल अध्यक्षों के चुनाव के बाद जिला अध्यक्षों के चुनाव होंगे। संभावना है कि मंडलों के साथ जिलाध्यक्षों में बड़े बदलाव होंगे। इसी के साथ प्रदेश स्तर पर जरूर कार्यकारिणी में कुछ बदलाव होंगे। प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ही रहेंगे या फिर किसी और को बनाया जाएगा, यह भी देखने वाली बात होगी। अगर किरण देव को साय मंत्रिमंडल में स्थान मिल गया तो फिर प्रदेशाध्यक्ष का बदला जाना तय है। पूरी प्रक्रिया का प्रारंभ कब से होगा, इसका फैसला प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में 10 जुलाई को होगा। इस बैठक में पहली बार मंडल अध्यक्षों को भी बुलाया गया है। पहली बार बड़ी कार्यसमिति हो रही है। इसमें प्रदेश संगठन के चुनाव के साथ ही नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव पर भी मंथन होगा।

# किसान संघर्ष समिति की बैठक सीएम से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पेंड्रावन जलाशय बचाओ किसान संघर्ष समिति की बैठक रविवार को हुई। इस दौरान उच्च न्यायालय के आदेश पर जलाशय पर आए पुनः संकट के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में 115 वर्ष पुराने, सिंचाई और निस्तार के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने वाले जलाशय के संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता जताई।

इस मौके पर धरसींवा विधायक अनुज शर्मा और पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल ने कहा कि पूर्व में भी सरकार ने किसानों के हितों को देखते हुए जलाशय के कैचमेंट में खनन परियोजना को रोका है। इस बार भी सरकार व्यापक किसानहित में निर्णय लेगी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसान संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही समय लेकर मुख्यमंत्री और जल संसाधन मंत्री से मुलाकात कर जलाशय के संरक्षण की मांग करेगा। संघर्ष समिति के साथी आलोक शुक्ला को पर्यावरण के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर श्रीफल और शॉल से सम्मान किया गया। बैठक में कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा, अनिल नायक, घनश्याम वर्मा, आलोक शुक्ला, ललित बघेल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण, किसान शामिल हुए।



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने चलाया स्वच्छता अभियान

**सरायपाली।** फुलझर सेवा समिति द्वारा संचालित कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कार्यक्रम अधिकारी सोमेश्वर प्रसाद नायक के दिशा निर्देशन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयं सेवकों द्वारा विद्यालय परिसर में उग आए खरपतवार को उखाड़कर मैदान का समतलीकरण तथा जल निकास के लिए नाली निर्माण किया गया। सभी कमरों की सफाई कर टेबल बेंच व्यवस्थित की गई। इस स्वच्छता अभियान में काजल दास, दिव्या भोई, किरण बरिहा, रंजना यदु, खुशबू दंडसेना, सुहानी बरिहा, तनीषा साहू, किरण बरिहा, चांदनी दास, लिसा निषाद, तेजस्विनी साहू, लोकेश साव, निखिल सेठ, राजेंद्र साहू, योगेश दंडसेना, लक्ष्मीकांत चौधरी, सौम्या पटेल, डिग्रीलाल दंडसेना, शेखर साहू, रूपेश साव राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### तोषगांव में निकाली गई रथयात्रा

**बसना।** ग्राम तोषगांव के शिव निताई गौर मठ जगन्नाथ मंदिर में विराजित भगवान जगन्नाथ महाप्रभु उत्कलीय सनातन हिन्दू धर्म संस्कृति परंपरा नीति- कांति वैदिक मंत्रोच्चार पूजा-पाठ आरती के बाद यज्ञमान ग्रामाधिपति गौंटिया द्वारा झाड़ू छेरापहरा परंपरा निभाई गई। बाद दर्शन देने भगवान रथारूढ़ होकर रथ मेला स्थल तक पहुंचे। जहां ग्राम तोषगांव सहित ग्राम मनकी पंडापारा, अंतरला, लमकेनी, भालूकोना, गिधली, भदरपाली, बरडीह के दर्शनार्थियों को रथयात्रा खींचा। इस दौरान श्रद्धालुओं को गजामूंग प्रसाद लाई गुड़ प्रसाद वितरण किया गया।



### हाथरस धार्मिक सत्संग में हुई घटना पर नपाध्यक्ष राशि ने जताया शोक

**महासमुंद।** अलीगढ़ के समीप हाथरस में धार्मिक सत्संग में हुए भगदड़ में मृत श्रदालुओं को श्रदांजलि देते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की व घायल भक्तों के शीघ्र स्वास्थ की कामना की। नपाध्यक्ष राशि महिलांग ने कहा कि संपूर्ण देशवासियों के लिए ऐसी घटना दुख का विषय है, ऐसी घटना की पुनरावृत्ति भविष्य में ना हो इसके लिए सरकार को प्रत्येक धर्मो के धार्मिक आयोजन के लिए बेहतर व्यवस्था के लिए गाईड लाइन बनाने की माँग की, जिसका सभी छोटे बड़े आयोजनकर्ता कड़ाई से पालन करे। श्रीमती महिलांग ने आगे कहा कि हाथरस घटना के दोषियो पर सरकार सख्त कानून कार्रवाई करें व मृतकों के परिजनों व घायलों को उचित मुआवजा राशि तत्काल प्रदान करें।

### शिक्षा : अब विद्यार्थी रोजगारमूलक कोर्स का कर सकेंगे चयन

# महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए हुई कार्यशाला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

महाप्रभु वल्लभाचार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रोजेक्टर कक्ष में प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शासकीय महाविद्यालय पिथौरा के राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डॉ. सीमा अग्रवाल तथा टिकेश्वरी (सहायक प्राध्यापक- रसायन शास्त्र) उपस्थित हुए।

डॉ. ईपी चेलक, अजय कुमार राजा एवं डॉ. सीमा अग्रवाल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन एवं प्रसारण के लिए महासमुंद जिला के मास्टर ट्रेनर हैं। प्रदेश के सभी शासकीय व निजी महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू हो गई है। इसके सुचारू क्रियान्वयन के लिए शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय व स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में संयुक्त रूप से प्रशिक्षण का आयोजन किया। यह आयोजन मचेवा स्थित शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में किया गया।

कार्यशाला की शुरूआत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अग्रवाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति को विशेष तौर पर विविधताओं और नवीन अनुसंधान पर केंद्रीकृत रखा गया है।




इससे अनुकूलित नवाचार, नई तकनीकें और कौशल विकास आदि अपनाने में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों दोनों को सुगमता होगी। साथ ही संस्थागत अभावों की स्थिति भी निर्मित नहीं होगी। बढ़ते क्रम में मास्टर ट्रेनर डॉ. ईपी चेलक ( विभागाध्यक्ष- वनस्पति विज्ञान) ने विस्तारपूर्वक स्पष्ट किया कि पहले की उच्च शिक्षा शिक्षण पद्धति और नीतियां उस समय की तात्कालिक परिस्थितियों और आवश्यकता पर आधारित थी। बदलते दौर में गुणवत्तापूर्ण योग्य संकायों और विषयों को लेकर कुछ जटिलताएं महसूस की जाती रहीं, जिन्हें इस नई शिक्षा नीति में दूर कर दिया गया है। उनके अनुसार अब विद्यार्थियों के पास रोजगार के लिए अपनी रूचि के अनुरूप वैल्यू ऐडेड कोर्स, स्किल डेवलपमेंट कोर्स जैसे भी कई विकल्प होंगे। वहीं स्नातक स्तरीय शिक्षा सेमेस्टर प्रणाली पर आधारित होगी और यदि कोई विद्यार्थी किसी कारणवश अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ देता है, तब भी उसकी मेहनत व्यर्थ नहीं जाएगी। इस ओर, एक वर्ष में मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र, दो वर्ष में डिप्लोमा, तीन वर्ष में डिग्री सहित चौथे वर्ष ऑनर्स डिग्री या ऑनर्स विथ रिसर्च की डिग्री भी प्रदाय करने के प्रावधान भी किए गए हैं। इस दौरान मास्टर ट्रेनर डॉ. सीमा अग्रवाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्य व महत्व को बताया। साथ ही इसके तहत तीन से चार वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, सेमेस्टर पद्धति, आंतरिक मूल्यांकन एंड सेमेस्टर एग्जाम, क्रेडिट प्वाइंट, ग्रेड प्वाइंट, एसजीपीए व सीजीपीए के बारे में भी जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान मूल्यांकन पद्धति में किए गए कई बड़े बदलावों के बारे में भी बताया गया। जिसमें सतत आंतरिक मूल्यांकन में 30 प्रतिशत अंक और सेमेस्टर के अंत में 70 प्रतिशत अंकों के लिए परीक्षाएं होंगी। अब, उत्तीर्ण होने के लिए विद्यार्थियों को कम से कम 40 फीसदी अंक प्राप्त करने होंगे। इसी कड़ी में कार्यशाला के मास्टर ट्रेनर अजय कुमार राजा (विभागाध्यक्ष वाणिज्य) ने महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं अधिकारी-कर्मचारियों को नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत नवाचारिक तरीकों का परिचय दिया। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से विभिन्न शैक्षिक योजनाओं, पाठ्यक्रमों और शिक्षा सामग्रियों के उपयोग एवं हालिया बदलाव के बारे में अद्यतन जानकारी दी, जिससे वे अपने शिक्षण स्तर को इस ओर निरूपित कर सकें। सभी पहलुओं पर पुनरावलोकन किया गया, साथ ही प्रशिक्षणार्थियों के शंका वाले बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर उन्हें सटीक परिपालन की ओर अग्रेषित किया गया। कार्यशाला के अंत में आभार ज्ञापन इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रीता पांडे ने किया। कार्यशाला में स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय से सहायक प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर, रवि देवांगन, तरुण बांधे एवं प्रयोगशाला तकनीशियन शेषनारायण साहू, महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारीगणों के साथ उपस्थित रहे।

## श्रीराम पाठशाला परिसर में स्काउट-गाइड व प्रतिनिधियों ने रोपे पौधे



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

छत्तीसगढ़ शासन वन विभग द्वारा 7 जुलाई को वृहत वृक्षारोपण महोत्सव आयोजन को सफल बनाने के लिए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव व कैलाश सोनी राज्य सचिव के निर्देशन व पदेन जिला आयुक्त मोहन राव सावंत जिला शिक्षाधिकारी के मार्गदर्शन में शासकीय श्रीराम पाठशाला पिटियाझर के प्रांगण में दाऊलाल चंद्राकर जिलाध्यक्ष भारत भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, मनीष शर्मा पार्षद एवं उपाध्यक्ष स्थानीय संघ, महेंद्र जैन पार्षद, ताराचंद एवं हीना ढालेन सहायक विकास खंड शिक्षाधिकारी की उपस्थिति व लीनू चंद्राकर डीओसी गाइड के नेतृत्व में शाला परिवार के सदस्य एवं गाइड्स व छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक प्रकार के फूलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही पौधों को सुरक्षित रखने के लिए संकल्प भी लिए।

इस आयोजन में नुकेश चंद्राकर एवं मनीष शर्मा पार्षद द्वारा रोपण के लिए पौधों का निःशुल्क वितरण शाला परिसर में पहुंचाया गया। बच्चों को संबोधित करते दाऊलाल चंद्राकर ने कहा कि हमारे स्काउट्स गाइड्स जिला संघ के समस्त पदाधिकारी व रोवर रेंजर शिक्षक अमरनाथ की यात्रा पर गए हुए हैं। इसलिए आज का वृक्षारोपण प्रतीकात्मक है। उनके वापस आने पर जिला स्तरीय एवं ब्लाक स्तरीय वृहत वृक्षारोपण का आयोजन करेंगे।

सभी बच्चे के साथ शिक्षक स्टाफ से आग्रह है, जो पौधा हमने लगाया है उसे आप लोग पेड़ बनाने में अपनी महती भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर स्काउट गाइड परिवार से मधु शर्मा पूर्व डीटीसी गाइड, तुलेंद्र सागर जिला सहसचिव एवं शाला परिवार से उर्मिला मरकाम प्रधान पाठक उच्च प्राथमिक शाला, चमेली चंद्राकर प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, स्टाफ कुंती देवांगन, यशोदा तिवारी, लक्ष्मी मानिकपुरी, किशोर देवांगन, गीता गोस्वामी, किरण दीवान, हेमंत चक्रधारी, डिगेश पुरैना, देवकुमार ध्रुव, शांति पुरैना, सुमित्रा देवांगन, तरुणा सिन्हा एवं शाला के छात्र-छात्राओं ने मिलकर पौधा रोपण कर कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी ने सहयोग प्रदान किया।

## शिक्षा प्राप्त करना सबका अधिकार कोई नहीं होगा वंचित : योगेश्वर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**



सोमवार को विधायक कार्यालय में जनदर्शन के दौरान योगेश्वर राजू सिन्हा के समक्ष शहर के वार्ड क्रमांक 05 निवासी कुमारी बाई अपनी नातिन मानसी जलक्षत्री को लेकर पहुंची। उसने बताया कि बच्ची के माता-पिता नहीं है। वह अपने नातिन का पालन-पोषण कर रही है। वह कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत है और आगे भी पढ़ना चाहती है, लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण आगे पढ़ाने में सक्षम नहीं है, पर बच्ची आगे पढ़ना चाहती है। इस पर विधायक सिन्हा ने बच्ची की पढ़ाई में रुकावट न हो, इसलिए स्कूल बैग, कॉपी, यूनिफॉर्म प्रदान किया। विधायक ने कहा कि पूरे देश में शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। इससे उन्हें कोई वंचित नहीं कर सकता है। बच्चें देश का भविष्य है, अगर वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करते हैं तो देश का भविष्य उज्वल होगा। इसलिए हमारी सरकार भी शिक्षा को प्राथमिकता दे रही है।

### शहीद स्मारक में होगा पौधरोपण



**महासमुंद।** युवराज सिंह चंद्राकर और नंद किशोर सिन्हा के बच्चों के जन्मदिवस पर 14 जुलाई 2024 को शहीद स्मारक में एक पौधा मां के नाम से अग्निवीर के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं द्वारा 20 नग नारियल का पौधा लगाया जाएगा।

## शिक्षक एलबी संवर्ग को नियुक्ति तिथि से पूर्ण पेंशन देने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**



प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रतिनिधि मंडल ने विनायक गोयल विधायक चित्रकोट विधानसभा के अथक प्रयास एवं संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजकिशोर तिवारी के नेतृत्व में 7 जुलाई को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुख्यमंत्री निवास में मुलाकात 1998-99 से पुरानी पेंशन का आदेश प्रसारित करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया।

प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी एवं प्रदेश महासचिव देशनाथ पांडे ने बताया कि छग सरकार 2022 में छग के समस्त शासकीय कर्मचारी जिनकी नियुक्ति 2004 के बाद हुई है उनके लिए पुरानी पेंशन की घोषणा की है। लेकिन, छग में एक ऐसा शिक्षक संवर्ग जो शासकीय शालाओं मे 1998 से सेवा दे रहे हैं, जिसे पंचायत भर्ती समझकर 20 वर्ष की सेवा को शून्य कर पुरानी पेंशन से दूर किया जा रहा है। जबकि, कार्यभारित, दैनिक वेतन भोगी, अंश कालीन कर्मचारियों को उनकी पिछली सेवा को भी गणना कर पेंशन दिया जा रहा है। 1998-99 से कार्यरत ऐसे कई शिक्षक सेवानिवृत्त हो चुके हैं और बहुत से शिक्षक सेवानिवृत्त के कगार पर हैं। 1998-99 में भर्ती किसी भी शिक्षक का सेवा पूर्ण पेंशन के दायरे में नहीं है क्योंकि, शासन संविलियन तिथि 2018 को नियुक्ति तिथि मानकर पेंशन देना चाहती है। जितने भी 1998-99 से लेकर 2018 तक जितने भी शिक्षक भर्ती हुआ है सभी की सेवा को शून्य घोषित किया गया है। जबकि, 1998-99 के शिक्षक एलबी संवर्ग की भर्ती सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक, व्याख्याता के नियमित पदों पर रिक्त पदों पर एक निश्चित वेतनमान पर की गई थी, जिनका नियमानुसार 2001 में नियमितीकरण किया गया।

कार्यकारी अध्यक्ष नारायण सोनी ने भी अवगत कराया कि 1998-99 से लेकर आज पर्यंत तक एक ही सर्विस बुक में साधारण किया जा रहा है और प्रत्येक वर्ष वेतन वृद्धि भी दिया जा रहा है। 2018 में विभाग में शासकीयकरण भी किया जा चुका है। इसी आधार पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के तहत हमें नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि जोड़कर जीपीएफ कटौती करते हुए शासकीय सकल लाभ दिया जाना चाहिए। लेकिन, हमें उक्त लाभ से वंचित किया जा रहा है। जिससे अधिक नुकसान 1998 के एलबी संवर्ग को हो रहा है। भारत सरकार के पेंशन सिविल सेवा नियम 1972 के तहत भी 2004 के पूर्व भर्ती सभी कर्मचारियों के लिए भी जिनका शासकीयकरण 2004 के बाद कभी भी हुआ हो उनको उनकी नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि को जोड़कर शासकीय समस्त लाभ दिया जा रहा है।

आगे जानकारी देते हुए बताया कि 1998-99 से लेकर आज पर्यंत तक पंचायत शिक्षक समझकर शासकीय मानती रही और न कभी हमें 35 किलो चावल मिला, न आवास मिला, न सरकार का कोई योजना का लाभ मिला। जबकि, हमें 500 रुपए मानदेय में उपेक्षित, अपमानित, संघर्ष पूर्ण और अभाव में जीवन जीकर कर दूर दराज गांवों मे सेवाएं देते रहे। जब हमें सरकारी लाभ देने का था, तब हमें शासकीय कर्मचारी के श्रेणी में गिनती कर सरकारी योजना से दूर किया गया। आज जब पेंशन देने की बात आई तो हमारी 20 वर्ष की सेवा को अशासकीय माना जा रहा है, हमारे साथ कहां का न्याय है। हमारे साथ कितना अन्याय है। हमारा स्कूल एक है, सेवा पुस्तिका एक है, वेतनमान पर सरकार का काम किया है। जबकि, केंद्र सरकार भी 2004 के पूर्व भर्ती समस्त कर्मचारी जिनका शासकीयकरण 2004 के बाद हुआ है ऐसे समस्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ देने का आदेश समस्त राज्य शासन ने दिया है और 1952-53 में भी पंचायतों के स्कूलों में भर्ती पंचायत शिक्षा कर्मी को भी 1962-63 में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन 1976 के तहत शासकीयकरण कर उनकी प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि गणना कर समस्त लाभ दिया गया है। जबकि, 1998-99 एलबी संवर्ग शिक्षक शासकीय स्कूलों में अध्यापन कार्य कर रहे हैं। छग सरकार अभी तक हमारे साथ न्याय नहीं कर पाई है। मुख्यमंत्री साय ने सारे तथ्य दस्तावेज के आधार पर आश्वासन दिया कि आप लोगों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। विधि संगत न्याय होगा। प्रतिनिधि मंडल में प्रान्तीय सचिव नवीन चंद्राकर, प्रांतीय सह सचिव चंद्रभूषण ठाकुर सहित अनिल ढीढी, रुद्रनारायण चंद्रवंशी, चंद्रशेखर चंद्राकर, जितेंद्र साहू, कृष्ण कुमार वर्मा, फलेन वर्मा, हेमंत कुमार वर्मा, भरत कनौजे, भुवनेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास से निकली प्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना**

नगर सहित क्षेत्र में जगन्नाथ महाप्रभु की रथयात्रा अत्यंत हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। बता दें कि बसना में श्रीराम जानकी मंदिर से रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा का शुभारंभ हिंदू संस्कृति परम्परा के अनुसार पूजा पाठ कर किया गया।

श्रीराम जानकी मंदिर से रथयात्रा प्रारंभ होकर शहीद वीर नारायण होते हुए समलेश्वरी से भ्रमण नगर करते हुए कृषि उपज मंडी परिसर पहुंची। रथयात्रा में कीर्तन मंडली के विभिन्न प्रकार के वाद्ययंत्रों से सुसज्जित तरीके से भक्तिमय वातावरण में नाचते थिरकते चल रहे थे। रथयात्रा में आनंद मदनानी, अशोक जोशी, तरूण दास,शिव श्रीवास्तव, कैलाश साहू, जयनारायण अग्रवाल, जगदीश दास राजन, अनिल साव, बलदेव मिश्रा, सेवक दास दीवान,अभय धृतलहरे, अजय अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, विकास वाधवा, ऋषिकेशन दास, मनहरण



सोनवानी सहित भारी संख्या में रथयात्रा में चल रहे थे।

### रथयात्रा का मुख्य उद्देश्य

उल्लेखनीय है कि भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की रथयात्रा का उद्देश्य यह है कि वे लोग जो वर्षभर मंदिर में प्रवेश नहीं पा सकते हैं उन्हें भगवान के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हो। राजा इंद्रद्युम्न और उनकी धर्मपत्नी गुंडिचा देवी के काल में महाप्रभु जगन्नाथ की मूर्ति बनाने के लिए समुद्र से विशाल लाल वृक्ष का तना निकाला गया।

भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की रथयात्रा आषाढ़ शुक्ल द्वितीया तिथि से दशमी तिथि तक जन सामान्य के बीच रहते हैं। इस दौरान भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ रथयात्रा पर विराजमान होकर गुंडिचा मंदिर की ओर प्रस्थान करते हैं। रथयात्रा का भव्य आयोजन दस दिनों तक चलता है।

### हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

गौरतलब है कि बसना शहर में निकाली गई रथयात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु चल रहे थे। पूरा शहर भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के जय घोष एवं कीर्तन की धुन से गुंजायमान हो गया। बसना शहर के अलावा क्षेत्र के बरोली, गढफुलझर, अरेकेल , गढ़पटनी, पिलवापाली, मेदिनीपुर, बरपेलाडीह, बोईरडीह के अलावा अधिकांश ग्रामों में रथयात्रा महापर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। रथयात्रा महापर्व को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु चाक चौबंद सुरक्षा का इंतजाम किया गया था।

## पूरी जगन्नाथ रथयात्रा में उमड़ा जनसैलाब विधायक अग्रवाल परिवार के साथ हुए शामिल

**बसना।** पहले दिन जगन्नाथ पुरी में रथ यात्रा के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस विशाल जनसैलाब में बसना विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल ने प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे अग्रवाल परिवार व क्षेत्रवासियों के साथ रथयात्रा में शामिल हुए। उन्होंने भुवनेश्वर स्थित ऐतिहासिक लिंगराज मंदिर में महादेव के त्रिभुवनेश्वर रुप का दर्शन पूजन तथा जय मां बाट मंगला देवी की सहित पूरी स्थित मंदिर में पूजा अर्चना कर सर्वमंगल व सभी के कल्याण की कामना किए। रथयात्रा शुरू होने से पहले विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल ने तीनों रथों की परिक्रमा की, देवताओं के सामने माथा टेका और सुख-शांति की कामना की।

इस दौरान उन्होंने मुख्य जगन्नाथ रथ को जोड़ने वाली रस्सियों को खींचने का सौभाग्य प्राप्त किया। पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर में पहांडी अनुष्ठान पूरा होने के बाद रविवार को भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई भगवान बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा अपने-अपने रथों पर सवार हुए और उनकी यात्रा शुरू हुई। हर साल आषाढ़ माह में शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से इस रथ यात्रा का आयोजन होता है। मान्यताओं के अनुसार रथ यात्रा निकालकर



भगवान जगन्नाथ को प्रसिद्ध गुंडिचा माता मंदिर पहुंचाया जाता है, जहां भगवान 7 दिनों तक आराम करते हैं। आषाढ़ शुक्ल द्वितीया से दशमी तिथि तक भगवान जगन्नाथ आम जनों के बीच में रहते हैं। यानी जगन्नाथ रथ यात्रा का यह आयोजन 10 दिनों तक होता है। इस साल आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की तिथियां घट गई हैं। इस कारण यात्रा दो दिन की है। इससे पहले 1971 में भी कुछ ऐसा ही हुआ था। इस बार यह यात्रा 7 जुलाई से शुरू हुई है। तिथि परिवर्तन के कारण इस बार यह रथयात्रा दूसरे दिन यानी 8 जुलाई को गुंडिचा मंदिर पहुंचेगी।

पौराणिक कथाओं के अनुसार एक बार भगवान जगन्नाथ की बहन सुभद्रा ने नगर घूमने की इच्छा जताई थी। उसके बाद भगवान जगन्नाथ और उनके बड़े भाई बलराम ने तीन भव्य रथ तैयार कराए और उन्हीं से तीनों नगर भ्रमण पर गए थे। रास्ते में तीनों अपनी मौसी गुंडिचा के घर भी गए। अपनी यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ अपनी मौसी के घर 7 दिन तक रुकते हैं। उसके बाद से ही यह यात्रा जारी है।

बता दें कि जगन्नाथ मंदिर से गुंडिचा मंदिर लगभग 3 किलोमीटर दूर है। तिथि के अनुसार 9 से 15 जुलाई तक भगवान जगन्नाथ यहीं रहेंगे। 16 जुलाई को रथ यात्रा का समापन हो जाएगा और तीनों देवी-देवता वापस जगन्नाथ मंदिर लौट आएंगे। लौटने की यात्रा को बहुड़ा यात्रा कहा जाता है।

### नवागांव स्कूल में शाला प्रबंधन समिति का गठन

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव में विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए पूरन लाल निषाद का नाम मनोनीत किया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए रूपेंद्र निर्मलकर का चयन किया गया। सचिव पद अरुण कुमार साहू, कोषाध्यक्ष मेमन कुमार चंद्राकर, पंचायत सदस्य के लिए नारायण ध्रुव तथा पालक सदस्य के रूप में महेश सिन्हा, मोरध्वज सिन्हा, बाबूलाल खैरवार, चंद्रपाल साहू, मनीराम जांगड़े, संतोष मोगरे तथा महिला सदस्य के रूप में पिंकी सिन्हा, नीराबाई बरिहा, धान बाई बरिहा, कौशल्या निर्मलकर का चयन किया गया। प्रभारी प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू द्वारा सभी मनोनीत सदस्यों को उनके पद एवं कर्तव्यों की निर्वहन के लिए नियमावली का वाचन किया। सभी सदस्यों ने शाला संचालन एवं विभिन्न समस्याओं का दूर करने हेतु पुरजोर प्रयास करने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप



### मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 33 मरीजों का उपचार

**महासमुंद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में फिक्स डे निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम एनएचम और डॉ छत्रपाल चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से इसमें 33 मरीज को निःशुल्क दवाई के साथ मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। सभी को नियमित दवाई लेने, आपसी समन्वय स्थापित करने, तनाव प्रबंधन के लिए योगा, ध्यान, नियमित व्यायाम करने की सलाह दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना बीएमओ डॉ नारायण साहू, बीपीएम ढोलचंद नायक, डॉ पंडा, जिला चिकित्सालय से रामगोपाल खूंटे समेत टीम का सहयोग रहा।

### कल मनाया जाएगा चोपड़ा का जन्मदिन

**महासमुंद।** पूर्व विधायक व भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा का जन्मदिन 10 जुलाई को स्थानीय बीटीआई रोड स्थित भाजपा कार्यालय में मनाया जाएगा। यह समारोह शाम 4 बजे होगा। जानकारी देते हुए भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं पार्षद देवीचंद राठी ने भाजपा के सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण, शुभचिंतकगण एवं नागरिकों से डॉ. विमल चोपड़ा के जन्मदिन समारोह भाजपा कार्यालय में पधारने की अपील की है।

### जनदर्शन में सुनी गई 29 आवेदकों की मांग एवं समस्याएं

**महासमुंद।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जन चौपाल में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक ने आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों को सुना तथा प्रकरणों से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जन चौपाल में 29 आवेदन आए जिसमें संबंधितों को भेजकर कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मनोज खांडे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जन चौपाल में सीईओ एस आलोक ने विद्युत बिलों में सुधार, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास की लंबित राशि, श्रम कार्ड पंजीयन में संशोधन और सीमांकन से संबंधित आवेदनों पर गंभीरता पूर्वक कार्रवाई करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

**योजना:** बेटियों की शादी की चिंता से मुक्त हुए गरीब माता-पिता

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब बेटियों के लिए वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गरीब और आर्थिक तंगी से जूझ रहे माता-पिता के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहारा बना है। बेटी की शादी योग्य उम्र होते ही चिंता सताने लगती है। हर मां-बाप का सपना होता है कि उनकी बेटी की शादी धूमधाम और सम्मान पूर्वक हो। लेकिन, आर्थिक तंगी के कारण सपना अधूरा रह जाता है। ऐसे में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से हजारों परिवारों के सपने पूरे हो रहे हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों को होने वाली आर्थिक परेशानियों को दूर करना, शादी के मौके पर फिजूलखर्ची को रोकना, सामूहिक विवाह के आयोजन से मनोबल और आत्मसम्मान में बढ़ोतरी करना और सामाजिक स्थिति में सुधार लाना है। योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में 50 हजार रुपए का अनुदान




सहायता राशि प्रदान किया जाता है। इसमें प्रत्येक कन्या को 21 हजार रुपए की राशि बैंक खाते या बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्रदान की जाती है। इसके अलावा 15 हजार रुपए की राशि के उपहार दिए जाते है।

जिले में वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 160 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इनमें से महासमुंद वार्ड नंबर 5 की निवासी राजकुमारी देवांगन ने बताया कि उनकी शादी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 12 मार्च 2024 को हुआ था। उनके पिताजी नहीं है, ऐसे में शादी की चिंता मां और परिवारजनों को सता रही थी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से उनका पंजीयन किया गया और इस योजना का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि वे अभी अपने पति के साथ बेहद खुश है। साथ ही उनकी माता और उनके परिवार सरकार की इस योजना से खुश है। इसी तरह राखी सिक्का ने बताया कि उन्होंने भी इस योजना के तहत शादी की है। गरीबी के चलते शादी करना परिवार वालों के लिए चुनौती थी। जिसे इस योजना ने आसानी से हल कर दिया। दोनों हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा है कि इस योजना से न केवल उनके सपने पूरे हुए बल्कि माता-पिता का भी सपना पूरा हुआ। वास्तव में यह योजना गरीब परिवार के लिए वरदान साबित हो रहा है।



### इच्छा बाई को प्रधानमंत्री आवास से मिला सुरक्षा और सुकून

**महासमुंद।** महासमुंद जिले के भिथीडीह गांव की इच्छा बाई एक समय अपनी छोटी सी झोपड़ी में कठिनाइयों से जूझ रही थी। उनके पास न कोई पक्का घर था और न ही स्थायी आमदनी का स्रोत। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब थी और वे दिन-रात अपने बच्चों के भविष्य की चिंता में डूबी रहती थीं। उन्होंने पति के निधन के बाद कई चुनौतियों का सामना किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें एक पक्का घर मिला, जिसने उनके जीवन में स्थिरता और सुरक्षा की भावना जगाई। अब वे और उनका परिवार एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में रह रहे हैं। इस नए घर ने उनकी ज़िंदिगी को नई दिशा दी और उन्हें समाज में सम्मान के साथ जीने का मौका मिला। सिर्फ घर ही नहीं, बल्कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत उन्हें मजदूरी के अवसर भी मिले। इससे उन्हें न केवल आर्थिक सहायता मिली, बल्कि आत्मनिर्भरता का भी अनुभव हुआ। नियमित मजदूरी ने उनकी आमदनी को स्थिर किया और उन्हें अपने बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान देने का मौका मिला। आज इच्छा बाई की कहानी प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने न सिर्फ अपनी स्थिति को सुधारा, बल्कि अपनी मेहनत और समर्पण से अपने परिवार को गरीबी के दलदल से बाहर निकाला। सरकारी योजनाओं के सही क्रियान्वयन और उनकी मेहनत ने उन्हें एक बेहतर और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर दिया।

# महासमुंद जिले की तृषा, चंदन व संदीप बने स्टेट आर्बिटर

## भिलाई में हुआ राज्य स्तरीय शतरंज आर्बिटर सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ तथा जिला शतरंज संघ दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय शतरंज आर्बिटर सेमिनार का आयोजन 6 से 7 जुलाई को भिलाई जिला दुर्ग में आयोजित किया गया। इस आर्बिटर सेमिनार में छत्तीसगढ़ राज्य से 34 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सेमिनार में मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय निर्णायक अनीष अंसारी, फीडे आर्बिटर रॉकी देवांगन, फीडे आर्बिटर आशुतोष साहू, नेशनल आर्बिटर दिपांशु उपाध्याय ने प्रशिक्षण दिया।

महासमुंद जिले से 3 खिलाड़ी संदीप पटले, तृषा शर्मा एवं चंदन विश्वकर्मा ने आर्बिटर सेमीनार में शामिल होकर छत्तीसगढ़ शतरंज आर्बिटर (एसए) की परीक्षा पास की है। परीक्षा में 2 घंटे की समय सीमा थी। परीक्षा में महत्वपूर्ण प्रश्न जैसे आर्बिटर ड्यूटी, टूर्नामेंट ड्यूटी, स्विस पेयरिंग, प्राइज लिस्ट, लीगल, इल्लीगल, प्रॉब्लम शार्टआउट करना, आर्बिटर डिसीजन इत्यादि सवाल हल करने को मिला। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी, प्रदेश उपाध्यक्ष किरण अग्रवाल, आर्बिटर कमीशन के चेयरमैन अलंकार भिवगड़े उपस्थित रहे। सभी परीक्षा पास करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ऑर्बिटर परीक्षा पास करने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा अंजली बरमाल, सचिव राज्य व जिला शतरंज संघ हेमंत खूंटे, अध्यक्ष डॉ. डीएन साहू, उपाध्यक्ष संजय वास्तव, कोषाध्यक्ष बीजू पटनायक संजना राज, प्राचार्य आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल महासमुंद अमी रुफस, राजेश्वरी ध्रुवंशी, एवन साहू, डॉ. सुनील कुमार भोई एवं शतरंज खिलाड़ियों ने हर्ष जताया।





ज्ञात हो कि इससे पूर्व यशवंत चौधरी, पुष्पांजलि चौधरी, राजेश्वरी ध्रुवंशी ने नेशनल आर्बिटर की परीक्षा पास कर जिले का मान बढ़ाया था। पिथौरा के हेमंत खुटे प्रदेश के पहले बैच के सीनियर नेशनल आर्बिटर है। छत्तीसगढ़ से केवल 6 लोगों को वर्ष 2015 में नेशनल आर्बिटर का लाइसेंस मिला था। आगामी 20 से 21 जून को जम्मू में आयोजित होने जा रही सीनियर नेशनल आर्बिटर सेमिनार में पिथौरा ब्लॉक के चंदन विश्वकर्मा व सतीश दास शिरकत करेंगे। जिले में शतरंज खेल के प्रति खिलाड़ियों में काफी अभिरुचि बढ़ी है। वर्तमान में महासमुंद जिला में 13 इंटरनेशनल रेटेड प्लेयर, 4 सीनियर नेशनल आर्बिटर व 3 स्टेट आर्बिटर हैं। जिला शतरंज संघ व प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका प्रयास जिले व राज्य में अधिकाधिक फीडे रेटेड प्लेयर तैयार करना है। 2 साल के भीतर जिले में 3 बार फीडे रेटेड चेस टूर्नामेंट की सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है। आगामी अक्टूबर माह में स्टेट फीडे रेटिंग ओपन चेस टूर्नामेंट महासमुंद जिला में प्रस्तावित है। प्रदेश में भी शतरंज का एक बेहतरीन माहौल बनता जा रहा है। खूंटे ने बताया कि हाल ही में जून माह में सरगुजा व बस्तर संभाग के खिलाड़ियों के लिए विशेष पहल करते हुए संभाग स्तरीय शतरंज स्पर्धा का ऐतिहासिक आयोजन किया गया। जिसमें 400 - 400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।



### तुमगांव में निकाली रथयात्रा

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में प्रभु जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। सर्वप्रथम भगवान जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना की गई । नगर के बंगला पारा होते हुए रथ मेन रोड और बाजार चौक में पहुंची। जहां श्रद्धालु प्रभु के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने भक्तों की भीड़ रही। भक्तों को गजा मूंग का प्रसाद वितरण किया गया।

## शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए विधायक योगेश्वर

**महासमुंद।** सोमवार को ग्राम परसकोल के प्राथमिक स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल स्टाफ द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि हमारे देश में यह परंपरा रही है कि हर खुशियों को त्यौहार के रूप में मनाते हैं। इसी तरह शाला प्रवेश भी एक उत्सव की तरह मनाया जाए। ताकि, यह



दिन बच्चों को जीवन भर याद रहे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आपकी बुनियादी शिक्षा की शुरुआत है इसलिए मन लगाकर पढ़ाई करना है। कड़ी मेहनत कर अपने भविष्य को उज्ज्वल करना है। उन्होंने कहा कि आपको ज्ञान देने वाले गुरुओं का हमेशा सम्मान करना है। वहीं उन्होंने स्कूल के शिक्षकों से कहा कि स्कूल ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक समुचित वातावरण प्रदान करता है। स्कूल आने के बाद बच्चों की जिम्मेदारी शिक्षकों पर होती है इसलिए आप भी देश के भविष्य को संवारने में अपना योगदान ऐसे ही देते रहें। इस दौरान वरिष्ठ नेतागण रमेश साहू, झनक लाल साहू, आनंद साहू, आकाश पांडे सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

# सावन माह में भोरमदेव मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे पेंशनर

## पेंशनधारी कल्याण संघ की नियमित मासिक बैठक में लिए गए अनेक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक पेंशनर भवन महासमुंद में आयोजित की गई। इसमें अध्यक्ष अशोक गिरी गोस्वामी ने सर्वप्रथम एजेंडा के अनुसार बैठक की कार्रवाई प्रारंभ करते हुए सदस्यों को संबोधित किया। इस माह जीआर बैरवा, मनराखन ध्रुव एवं केके हनुमता का जन्मदिन उत्साह से मनाया गया। माह जून में सेवानिवृत्त हुए सरला चंद्राकर, बिसहत धनकर, लल्लूराम साहू, देवनाथ साहू, उमाशंकर गुप्ता, गौतमचंद ओसवाल, नमित कुमार साहू, रामकुमार जोगी, चमनलाल निर्मलकर एवं रघुनाथ सिन्हा को पेंशनर संघ की नयी सदस्यता दी गई एवं श्रीफल तथा प्रमाण पत्र प्रदान की गई एवं पुष्पहार से सम्मानित किया गया। अध्यक्ष द्वारा रामकुमार जोगी को पेंशनर संघ का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। आगामी सावन माह में महिला पेंशनरों के लिए झूला निर्माण कार्य का प्रस्ताव पारित हुआ। इस बाबत विस्तृत चर्चा की गयी। शेषनारायण चंद्राकर द्वारा पेंशनधारी कल्याण संघ को 1001 रुपए का सहयोग राशि स्वेच्छापूर्वक प्रदान की गई। संघ की ओर से उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। रामकुमार चंद्राकर का भी श्रीफल भेट कर पुष्पहार से स्वागत किया गया। आगामी बैठक में कोषाध्यक्ष द्वारा सदस्यता शुल्क की पूर्व की जमा राशि का हिसाब दिया जाएगा। यह प्रस्ताव पारित किया गया कि प्रत्येक माह की 5 तारीख को दोपहर 2 बजे पेंशनर भवन में नियमित बैठक आयोजित होगी। यदि 5 तारीख को त्यौहार आदि हो तो 6 तारीख को बैठक होगी, जिसमें सभी सदस्यों को उपस्थित होने बाबत आग्रह किया गया। आगामी सावन माह में भोरमदेव शिव मंदिर जिला कवर्धा का भ्रमण कार्यक्रम सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसकी राशि मनराखन लाल ध्रुव के पास जमा किया जाएगा। 29 जुलाई सोमवार को एक दिवसीय भोरमदेव शिव मंदिर भ्रमण निर्धारित है। विगत दिवस दिवंगत पेंशनर केके गुप्ता, बोधन सिंह ध्रुव, केपी साहू को दो मिनट की श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में केआर चंद्राकर संरक्षक एवं आरके जोगी, रघुनाथ सिन्हा, बीआर देवांगन, राजेश्वर खरे एवं अन्य 30 पेंशनर उपस्थित रहे।



### भगवान जगन्नाथ स्वामी रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकले

**नर्रा।** आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष दूज तिथि दिन रविवार को खरियार रोड नगर सहित ग्राम नर्रा, परसुली में रथयात्रा का पर्व मनाया गया। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, माता सुभद्रा रथ पर सवार होकर बाजे गाजे व कीर्तन मंडलियों के साथ नाचते गाते एवं रथ खींचते हुए मुख्य गलियों से होते हुए निकले। जगन्नाथ स्वामी के दर्शन करने आसपास गांवों के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। जहां श्रद्धालुओं ने गजा मूंग, नारियल का प्रसाद ग्रहण किया।



### छायादार और फलदार पौधों का वितरण

**महासमुंद।** वन विभाग द्वारा रविवार को खैरा चौक में छायादार, फलदार, जाम, आंवला, नींबू, आम, काजू, बादाम, कटहल, नीम के पौधे का वितरण किया गया।

## बिरकोनी में धूमधाम से निकाली प्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 7 जुलाई रविवार को आस्था और उल्लास के साथ धूमधाम से निकाली गई। राम जानकी मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व देवी सुभद्रा को प्रातः शुभ मुहूर्त में शाही स्नान कराकर, मुकुट, मोर पंख, आभूषणों, श्रृंगार से सजाया गया। साथ ही रथ को भी आकर्षक तरीके से सजाया गया।

रामजानकी मंदिर के आचार्य लक्ष्मी नारायण वैष्णव ने बताया कि भगवान जगन्नाथ लोक कल्याण के लिए भ्रमण यात्रा पर निकले हैं। वह भक्तों से मिलते हैं। उनकी झलक



प्राप्त करने वालों को भगवान की कृपा प्राप्त होती है। भगवान अपने भक्तों की पीड़ा हरने के लिए पृथ्वी पर आए थे। विधि विधान से परंपरागत भगवान के रथ को खींचने से जीवात्मा को मुक्ति मिलती है। भगवान जगन्नाथ रथ शोभायात्रा दोपहर 3 बजे गाजे-बाजे के साथ रथ में विराजित कर यात्रा प्रारंभ किया गया। इस दौरान महिलाओं ने रथ यात्रा स्वागत के लिए आंगन में रंगोली सजाई। जगह-जगह पूजा आरती व पुष्प से स्वागत कर नारियल भेंट किया। शोभायात्रा मेन चौक से होकर गाजे बाजे के साथ गांव की गलियों में निकाली गई। जहां दर्शन के लिए भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने परंपरागत ढंग से रुमाल देकर प्रसाद पाया। भक्ति गीतों पर पुरूष के साथ महिलाएं व बच्चे भी उत्सव मनाते नजर आए। जगन्नाथ, उनकी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलराम के रथ खींच कर भक्त में पुण्य के भागी बने। हरे कृष्ण, हरे राम, जय जय राम के भक्तिमय गीत गुंजायमान रहा। भगवाधारी सनातन वैदिक धर्म के सदस्यों ने पथ प्रदर्शन किया। रविवार को रात्रि 8 बजे रथ को विश्राम गृह के लिए ग्राम के भक्त के निवास में रखा जाएगा। यात्रा का समापन छठवें दिवस को रामजानकी मंदिर में किया जाएगा।



### रथयात्रा में शामिल हुए निखिलकांत

**महासमुंद।** नगर में भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। जिसमें नगर पालिका सभापति व युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू शामिल हुए। साहू ने विधिवत पूजा अर्चना कर महाप्रभु जगन्नाथ से नगर व प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। साहू ने इस अवसर पर कहा कि भगवान जगन्नाथ ओडिशा और छत्तीसगढ़ की संस्कृति से समान रूप से जुड़े हुए हैं। रथयात्रा का यह पर्व ओडिशा की तरह छत्तीसगढ़ की संस्कृति का भी अभिन्न हिस्सा है। महासमुंद में आज के दिन भगवान श्रीराम-जानकी मंदिर से रथयात्रा निकालने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जो महासमुंद की एकता का प्रतीक है। यात्रा में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए लोग पहुंचे हैं। जो भगवान जगन्नाथ के प्रति लोगों की आस्था व प्रेम को दर्शा रहा है।

## कसेकेरा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव, सह अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम भी हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

शासकीय प्राथमिक शाला कसेकेरा प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य कल्पना संतोष यादव, पूर्व जनपद सदस्य फुलेश्वरी यादव, प्रधान पाठक डॉ. विजय शर्मा, अध्यक्ष चंदन साहू, उपसरपंच बल्ला ठाकुर, उपाध्यक्ष भोजराम ठाकुर सहित भारी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति में मां सरस्वती की पूजा के साथ एक पौधा मां के नाम रोपित कर प्रवेश उत्सव मनाया गया।

पालकों, माताओं से प्रधान पाठक डॉ. विजय शर्मा ने अंगना मा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने बच्चों को घर में जीवन जीने की कला कैसे सिखाया जाए उदाहरणों और आम जिंदगी से नैतिक संस्कार के साथ अच्छा नागरिक बनाने माता पिता नागरिक अपनी भूमिका सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इसी कड़ी में माताओं को गतिविधि पेंटिंग, लेखन, स्मरण, कागज से आकृति, गीत आदि पर प्रतियोगिता आयोजित की गई।




बेस्ट प्रतियोगी कल्पना को प्रधान पाठक अर्चना चंद्राकर ने ताज पहना कर सम्मानित किया। पढ़ाई तिहार में बच्चों को पुस्तक व गणवेश वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। जनप्रतिनिधियों ने अतिथि भोज भी किया। मि ता नि न अनुसुइया साहू ने स्वास्थ्य रहने के गुर बताते हुए बच्चों को अमरूद भेंट कर शाकाहार व फल के महत्व को समझाया। बच्चों के प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। उत्कृष्ट विद्यार्थियों को संकुल समन्वयक मनीष अवसरिया, संकुल प्राचार्य पवन चक्रधारी प्रमाण पत्र प्रदान किया। व्याख्याता लोकु चंद्राकर ने वैज्ञानिक सोच पैदा करने में पढ़ाई के महत्व, अंधविश्वास को दूर करने पर विचार व्यक्त किए। पंचायत प्रतिनिधि एवं सांसद प्रतिनिधि बल्ला ठाकुर ने स्वच्छता, शालेय व्यवस्था में पंचायत के सहयोग, पंकज ठाकुर नवभारत उल्लास कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उत्तम भोजन एवं बाल सेवा के लिए दोनों रसोइया एवं सफाई कर्मचारी को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक अर्चना चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन फलेश साहू ने किया।

## केंद्रीय विद्यालय में पांच दिवसीय योग्यता आधारित मूल्यांकन प्रशिक्षण की शुरुआत

**महासमुंद।** केंद्रीय विद्यालय में हिंदी विषय के शिक्षकों के लिए रूपांतरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ आकाश आर्या वरिष्ठ महाप्रबंधक, ईशा भट्ट सहायक महाप्रबंधक, प्राचार्य संजय कंसल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगीत शिक्षक प्रभात देवांगन के मार्गदर्शन में बच्चों ने स्वागत गीत के माध्यम से सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। वंदिनी जौहरी एवं घनश्याम साहू ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य संजय कंसल ने कहा कि परिपक्वता एक दिन में पढ़कर नहीं आती, इसके लिए लगातार प्रयत्न करना पड़ता है। अरविंदो सोसाइटी के महाप्रबंधक पाठ्यक्रम अजय आर्या ने कहा-नई शिक्षा नीति नई विधाओं के साथ नए ढंग से छात्रों को अवसर सीखने सिखाने के अवसर देने पर जोर दे रही है। हिंदी में पढ़ते समय शिक्षकों को विचारों, सूचना की अवधारणाओं की व्याख्या करते हुए पाठ्यक्रम की समझ के माध्यम से प्राप्त विषय के पूर्व ज्ञान का उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का मुख्य विषय हिंदी में योग्यता आधारित मूल्यांकन राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित प्रावधानों को शिक्षकों को बताया गया। वर्तमान में शिक्षा की बदलती हुई चुनौतियों से भी अवगत कराया गया और नए अध्यापन पद्धति से भी शिक्षकों को अवगत कराया गया जिससे कक्षा को और रुचिकर और छात्र शिक्षा को अच्छे से ग्रहण कर सकें। ईशा भट्ट ने अधिगम के महत्वपूर्ण सिद्धांतों पर अपने विचार रखें एवं प्रभावी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। अध्यापकों को विभिन्न रोचक गतिविधियां इशारे के माध्यम से कुछ बातों को सीखने, समझने, बताने और कम्युनिकेट करने की अनेक विधियां कराई गई। परिचय सत्र को भी रोचक बनाते हुए उसे प्रभावी ढंग से गतिविधि के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने अपना परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन दशरथ राम यादव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान अध्यापिका कांता एक्का, वंदिनी जौहरी, घनश्याम साहू, आर्यन, प्रवीण साहू, सीताराम पटेल, भूमिका साहू एवं सभी अध्यापकों का सराहनीय योगदान रहा।